## About the Book

यह पुस्तक उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए तैयार की गई है। इसमें नवीनतम परीक्षा पैटर्न के अनुसार 10 प्रैक्टिस सेट्स दिए गए हैं। इनकी मदद से अभ्यर्थी परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों का अभ्यास कर सकते हैं और अपनी तैयारी को बेहतर बना सकते हैं।

**किताब की मुख्य विशेषताएँ:**

- पुस्तक में 10 प्रैक्टिस सेट्स दिए गए हैं, जिससे अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले पर्याप्त प्रश्नों का अभ्यास करने का मौका मिलता है।
- सभी प्रैक्टिस सेट्स नवीनतम परीक्षा पैटर्न को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं, जिससे अभ्यर्थी परीक्षा के प्रश्नों के स्तर और पैटर्न को आसानी से समझ सकते हैं।
- पुस्तक में सामान्य ज्ञान, सामान्य हिंदी, संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता तथा मानसिक अभिरुचि, बुद्धिलब्धि एवं तार्किक क्षमता से संबंधित प्रश्न शामिल किए गए हैं।
- सभी प्रश्नों के व्याख्यात्मक हल दिए गए हैं, जिससे अभ्यर्थी केवल सही उत्तर ही नहीं, बल्कि प्रश्न को हल करने का तरीका भी आसानी से समझ सकते हैं।
- प्रैक्टिस सेट्स में दिए गए प्रश्नों से अभ्यर्थी परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के प्रकार और कठिनाई स्तर को समझ सकते हैं।
- सभी सेट्स को हल करने से अभ्यर्थियों को अलग-अलग विषयों की तैयारी को परखने और अपनी गलतियों को समझने में मदद मिलेगी।
- यह पुस्तक UP Police Constable / कार्यशाला कर्मचारी, सहायक परिचालक, नागरिक पुलिस, प्रादेशिक आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी (PAC), जेल वार्डर, फायरमैन, घुड़सवार (आरक्षी) भर्ती परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए उपयोगी है।

**यह पुस्तक उन अभ्यर्थियों के लिए संपूर्ण अभ्यास पुस्तक है, जो UP Police Constable भर्ती परीक्षा की तैयारी नवीनतम परीक्षा पैटर्न, प्रैक्टिस सेट्स और आसान व्याख्यात्मक हल के साथ करना चाहते हैं और परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं।**

### अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकें










Buy books at great discounts on: www.examcart.in | www.amazon.in/examcart |

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!

CB2393

उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल
भर्ती परीक्षा प्रैक्टिस सेट्स
ISBN - 978-93-6890- 724-4
9789368907244
₹ 169

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित

# उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल

## भर्ती परीक्षा

कार्यशाला कर्मचारी, सहायक परिचालक, नागरिक पुलिस, प्रादेशिक आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी (PAC), जेल वार्डर, फायरमैन, घुड़सवार (आरक्षी)



### परीक्षा पैटर्न

| भाग | विषय | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य ज्ञान | 150 | 300 अंक (वस्तुनिष्ठ प्रकार) | 2 घंटे |
| 2 | सामान्य हिंदी | | | |
| 3 | संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता | | | |
| 4 | मानसिक अभिरुचि, बुद्धिलब्धि एवं तार्किक क्षमता | | | |

**New & Updated Practice Sets!**
**नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित!**

# 10 प्रैक्टिस सेट्स

व्याख्यात्मक हल सहित नवीनतम पैटर्न पर आधारित

| Code | Price | Pages | ISBN |
|---|---|---|---|
| CB2493 | ₹169 | 141 | 978-93-6890-724-4 |

विषय सूची

# परीक्षा से संबंधित जानकारी
# (Exam Information)


➔ **Exam Book Material ई-बुक का Content** iv

विगत वर्षों के 5 पेपर्स की ई-बुक QR Code में दी गई है।

➔ **परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सूचना (Important Information)** vi

(उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा की सम्पूर्ण जानकारी एवं पुस्तक या किसी भी समस्या के लिए हमारा Helpline No.)

➔ **पाठ्यक्रम एवं परीक्षा पैटर्न** vii


## प्रैक्टिस सेट्स


- **प्रैक्टिस सेट-1** ........ 1-12
- **प्रैक्टिस सेट-2** ........ 13-24
- **प्रैक्टिस सेट-3** ........ 25-36
- **प्रैक्टिस सेट-4** ........ 37-48
- **प्रैक्टिस सेट-5** ........ 49-60
- **प्रैक्टिस सेट-6** ........ 61-72
- **प्रैक्टिस सेट-7** ........ 73-84
- **प्रैक्टिस सेट-8** ........ 85-97
- **प्रैक्टिस सेट-9** ........ 98-109
- **प्रैक्टिस सेट-10** ........ 110-121

# Extra Study Material e-book
# (Download this Free e-book)

## ई-बुक का Content :-

- विगत वर्षों के 5 पेपर्स की ई-बुक
- **Big Discount Coupon**
  (‘www.examcart.in’ वेबसाइट से पुस्तकें खरीदते समय इन Coupon Code का इस्तेमाल करें और बेस्ट डिस्काउंट पाएँ।)

**Link Expire**
होने से पहले QR Code को स्कैन करके
e-book को Download कर लें।

# ऐसी पुस्तकें जो कोई आपको बताना नहीं चाहता!

इन अनोखी पुस्तकों ने कई छात्रों को उनके पहले प्रयास में ही परीक्षा पास करने में मदद की है और हम जो कहते हैं, उसे साबित भी करते हैं—इसलिए हर पुस्तक के कुछ सैंपल चैप्टर दिए गए हैं। हम गारंटी देते हैं कि इन्हें पढ़ने के बाद आपको समझ आएगा कि ये पुस्तकें क्यों सबसे बेहतरीन हैं और क्यों इतने सारे छात्र इनसे सफल हुए हैं।

**नोट:** पढ़ने के लिए, किसी भी पुस्तक के पास दिए गए QR Code को स्कैन करें, उसके वेबसाइट पेज पर "View PDF" पर क्लिक करें। अगर पुस्तक पसंद आए, तो Extra Study Material ई-बुक में दिया गया डिस्काउंट कूपन इस्तेमाल करें और बेहतरीन डिस्काउंट भी पाएँ।





उत्तर प्रदेश पुलिस
कॉन्स्टेबल
(Guidebook)




उत्तर प्रदेश पुलिस
कॉन्स्टेबल
(PYQs)




उत्तर प्रदेश पुलिस
कॉन्स्टेबल
(Solved Papers)



# प्रैक्टिस सेट–1

## सामान्य ज्ञान

**1.** वायुदाबलेखी (बैरोग्राफी) का .......... द्वारा आविष्कार किया गया था।
(A) लुसियान वीदी
(B) जॉन वेन
(C) थियोफिलस वान केनल
(D) लुईस उरी

**2.** कश्मीर समस्या किन दो देशों के बीच में है ?
(A) भारत–चीन में
(B) चीन–नेपाल में
(C) भारत–पाकिस्तान में
(D) भारत–मालदीव में

**3.** सी-एनीमोन्स .......... प्रजाति के अंतर्गत आते हैं।
(A) एन्थ्रोपोडा (B) नीडेरिया
(C) पोरीफेरा (D) मोलस्का

**4.** एलीफेंटा की गुफाएँ .......... में है।
(A) महाराष्ट्र (B) ओडिशा
(C) राजस्थान (D) सिक्किम

**5.** .............. का उपयोग करके ऊर्जा की अधिक हानि के बिना लम्बी दूरी पर बिजली का संचार किया जा सकता है।
(A) AC और DC दोनों
(B) AC
(C) न तो AC न ही DC
(D) DC

**6.** रॉलेट एक्ट किस वर्ष पारित हुआ ?
(A) 1919 (B) 1921
(C) 1929 (D) 1916

**7.** निम्नलिखित में से किसे आम जलकुंभी भी कहा जाता है ?
(A) पिस्टिया (B) ओपंशिया
(C) एजिलोप्स (D) एकोर्निया

**8.** रुक्मिणी देवी अरुंडेल .......... के साथ जुड़ी हुई हैं।
(A) कथक (B) भरतनाट्यम
(C) कुचिपुड़ी (D) भाँगड़ा

**9.** किस ग्रह को एक 'बौना ग्रह' कहकर भी संबोधित किया जाता है ?
(A) प्लूटो (B) बुध
(C) बृहस्पति (D) शनि

**10.** वर्ष 1828 में स्थापित ब्रह्म समाज के संस्थापक कौन थे ?
(A) रबीन्द्रनाथ टैगोर
(B) सुभाषचंद्र बोस
(C) सरदार वल्लभभाई पटेल
(D) राजा राममोहन राय

**11.** शाहजहाँ ने ताजमहल का निर्माण .......... की याद में करवाया था।
(A) रुकय्या सुल्तान बेगम
(B) जोधाबाई
(C) मुमताज महल
(D) नूरजहाँ

**12.** प्रथम फिल्मफेयर अवार्ड्स में किस अभिनेता ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवार्ड जीता था ?
(A) देवआनंद (B) राजेश खन्ना
(C) दिलीप कुमार (D) अमिताभ बच्चन

**13.** इनमें से कौन, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के सामरिक नीति दल के सदस्य हैं ?
I. विदेश सचिव
II. गृह सचिव
III. केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष
(A) I और II (B) I, II और III
(C) II और III (D) केवल II

**14.** कोई भी व्यक्ति भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में अधिकतम कितनी बार सेवारत् हो सकता है ?
(A) 3 (B) 5
(C) 7 (D) कोई सीमा नहीं है

**15.** दीपिका कुमारी .......... से संबंधित है।
(A) तीरंदाजी (B) कुश्ती
(C) मुक्केबाजी (D) तैराकी

**16.** अर्थशास्त्र .......... ने लिखा था।
(A) चाणक्य (B) कालिदास
(C) हर्षवर्धन (D) वात्स्यायन

**17.** क्लोरोफिल में क्या होता है?
(A) सोडियम (B) पोटैशियम
(C) मैंगनीज (D) मैग्नीशियम

**18.** निम्नलिखित में से किसे मार्श गैस के रूप में जाना जाता है ?
(A) मीथेन (B) एथेन
(C) प्रोपेन (D) ब्यूटेन

**19.** बी.सी. रॉय पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
(A) संगीत (B) पत्रकारिता
(C) चिकित्सा (D) पर्यावरण

**20.** दामोदर वैली कॉरपोरेशन क्या है?
(A) सांविधिक निकाय
(B) दामोदर घाटी की देखभाल करने वाला नगर निगम
(C) बिहार में स्थित निजी उद्यम
(D) गैर-सरकारी संगठन

**21.** भारत में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन–सा है?
(A) वीर चक्र
(B) परम विशिष्ट सेवा पदक
(C) कीर्ति चक्र
(D) परम वीर चक्र

**22.** पुलित्जर पुरस्कार किस क्षेत्र में असाधारण कार्य करने के लिए दिया जाता है?
(A) पर्यावरण अध्ययन
(B) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
(C) साहित्य एवं पत्रकारिता
(D) अन्तर्राष्ट्रीय समझ

**23.** भारतीय रिजर्व बैंक का लेखा वर्ष क्या है?
(A) अप्रैल–मार्च
(B) जुलाई–जून
(C) अक्टूबर–सितम्बर
(D) जनवरी–दिसम्बर

**24.** संविधान में निम्नलिखित में से किसके बारे में उपबन्ध नहीं है?
(A) निर्वाचन आयोग
(B) वित्त आयोग
(C) लोकसेवा आयोग
(D) योजना आयोग

**25.** महाबलीपुरम् स्थित एकाश्मीय शैल मन्दिरों का प्रसिद्ध नाम क्या है?
(A) रथ (B) प्रसाद
(C) मठिका (D) गंधकुटी

**26.** सूची I को II से सुमेलित कर सही कूट का चयन करें–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) बिरहा | 1. भोजपुर |
| (b) कजरी | 2. अवधी |
| (c) मल्हार | 3. ब्रजी |
| (d) रसिया | 4. कौरवी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**27.** लोक नृत्य 'राहुला' का सम्बन्ध यू.पी. के निम्न में किस एक क्षेत्र से है?
(A) पूर्वी क्षेत्र से
(B) पश्चिमी क्षेत्र से
(C) मध्य क्षेत्र से
(D) बुन्देलखण्ड क्षेत्र से

**28.** उत्तर प्रदेश में मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज है–
(A) लखनऊ में (B) कानपुर में
(C) वाराणसी में (D) गाजियाबाद में

**29.** ई-मेल भेजते समय......पंक्ति संदेश की सामग्री को दर्शाती है।
(A) To (B) Subject
(C) Content (D) Cc

**30.** भारत सरकार की एक अत्याधुनिक विशिष्ट तकनीकी खुफिया एजेंसी है, और उड्डयन और रिमोट सेंसिंग, डाटा संग्रहण और प्रोसेसिंग, साइबर सुरक्षा, क्रिप्टोलॉजी सिस्टम आदि में प्रौद्योगिकी क्षमताओं को विकसित करती है –
(A) राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड (NATGRID)
(B) राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन
(C) राष्ट्रीय महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचा संरक्षण केन्द्र
(D) नेटवर्क ट्रैफिक एनालिसिस (NETRA)

**31.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कर सही उत्तर चुनें–

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (a) इण्डि. टेली. इण्डस्ट्रीज | 1. कानपुर |
| (b) ट्रान्सफॉर्मर फैक्ट्री | 2. रायबरेली |
| (c) कृत्रिम अंग निर्माण नि. | 3. झाँसी |
| (d) उर्वरक कारखाना | 4. फूलपुर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**32.** वर्ष 1665 में पुरन्दर की संधि का प्रत्यक्ष उद्देश्य क्या था?
(A) शिवाजी से मैत्री–भाव बनाए रखना
(B) शिवाजी और बीजापुर के सुल्तान के बीच विवाद के बीज बोना
(C) शिवाजी को धोखा देना
(D) शिवाजी को मुगलों के हाथ की कठपुतली बनाना

**33.** निम्नलिखित का मेल कीजिए–

| | |
|---|---|
| A. मोहनजोदड़ो | 1. स्टैच्यू ऑफ प्रीस्ट |
| B. हड़प्पा | 2. पत्तन |
| C. कालीबंगन | 3. हल के चिह्न |
| D. लोथल | 4. ग्रेट बाथ |

(A) A-4, B-1, C-3, D-2
(B) A-3, B-2, C-4, D-1
(C) A-2, B-3, C-1, D-4
(D) A-1, D-4, C-2, D-3

**34.** रक्त का रंग निम्नलिखित में से किसकी उपस्थिति के कारण लाल होता है?
(A) साइटोक्रोम
(B) क्लोरोफिल
(C) हीमोसायानीन
(D) हीमोग्लोबिन

**35.** किसी वनस्पति उद्यान में, निम्नलिखित में से किस पर प्रकाश का सीधा प्रभाव बिल्कुल नहीं पड़ता?
(A) फूल निकलने की प्रक्रिया
(B) प्रकाश संश्लेषण
(C) वाष्पोत्सर्जन
(D) निषेचन

**36.** निम्नलिखित में से किसे सफेद हाथियों का देश कहते हैं?
(A) थाईलैंड (B) अफ्रीका
(C) क्यूबा (D) टर्की

**37.** डायनमो परिवर्तित करता है :
(A) विद्युत ऊर्जा को ध्वनि ऊर्जा में
(B) यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में
(C) ध्वनि ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में
(D) यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में

**38.** निम्नलिखित में से एक अर्थशास्त्र में 'श्रमिक' कहलाता है, वह कौन है?
(A) कोई संगीतज्ञ जो किसी सुविधा–निधि के लिए कार्यक्रम में भाग ले रहा हो
(B) कोई चित्रकार जो अपने आनंद के लिए कार्य कर रहा है
(C) शौक के तौर पर पुस्तक पढ़ने वाला
(D) अपने पुत्र को पढ़ाने वाली माँ

**39.** 'सीमांत गांधी' किसे कहा जाता है?
(A) शेख अब्दुल्ला
(B) मणीलाल गांधी
(C) खान अब्दुल गफ्फार खान
(D) गोपाल कृष्ण गोखले

**40.** निम्नलिखित में से कौन–से ईंधन से सबसे कम पर्यावरण प्रदूषण होता है?
(A) डीजल (B) केरोसीन
(C) हाइड्रोजन (D) कोयला

## आंकिक क्षमता

**41.** 110 तथा 120 के बीच कितनी अभाज्य संख्याएँ हैं ?
(A) 0 (B) 1
(C) 2 (D) 3

**42.** $26 \times 0.91 = ?$
(A) 2.366 (B) 0.2366
(C) 2.66 (D) 23.66

**43.** $(0.2)^3 \times 200 \div 2000$ का $(0.2)^2$ का सरलीकृत मान क्या होगा ?
(A) $\frac{1}{10}$ (B) 1
(C) $\frac{1}{100}$ (D) $\frac{1}{50}$

**44.** 42, 70, 98 तथा 126 का अधिकतम समापवर्तक है–
(A) 11 (B) 12
(C) 13 (D) 14

**45.** दो संख्याओं का गुणनफल 375 है। इनका म.स.प. 5 हो, तो ल.स.प. ज्ञात कीजिए :
(A) 370 (B) 37
(C) 75 (D) 57

**46.** निम्नलिखित प्रश्नों में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर मान ज्ञात कीजिए।
5 : 8 : : 15 : ?
(A) 19 (B) 20
(C) 24 (D) 21

**47.** निम्नलिखित प्रश्नों में प्रश्नचिह्न का मान ज्ञात कीजिए।
? का 52% = 182
(A) 354 (B) 350
(C) 360 (D) 380

**48.** एक वस्तु का विक्रय मूल्य 20% कम करने पर उसकी बिक्री में 80% की वृद्धि हो गई। तद्नुसार उसकी कुल बिक्री वास्तव में कितनी प्रभावित हुई ?
(A) 44% वृद्धि (B) 44% कमी
(C) 66% वृद्धि (D) 75% वृद्धि

**49.** किसी वस्तु के लिए 25% छूट पर लाभ 25% है। यदि छूट 10% हो, तो लाभ है–
(A) 50% (B) 40%
(C) 30% (D) $33\frac{1}{3}\%$

**50.** एक व्यक्ति ने ₹ 9000 साधारण ब्याज की दर से 10% वार्षिक दर से उधार लिये। $1\frac{1}{2}$ वर्ष के अन्त में उसे कितना धन वापिस करना होगा ?
(A) ₹ 3105 (B) ₹ 1350
(C) ₹ 1305 (D) ₹ 5013

**51.** ₹ 4,500 पर 10% वार्षिक दर से 2 वर्ष के अन्त में कितना चक्रवृद्धि ब्याज उचित होगा ?
(A) ₹ 945 (B) ₹ 549
(C) ₹ 495 (D) ₹ 954

**52.** A, B, C तथा D चार क्रमागत विषम संख्याएँ हैं, जिनका औसत 42 है। B तथा D का गुणनफल कितना होगा ?

(A) 1860 (B) 1890
(C) 1845 (D) 1677

**53.** A किसी कार्य को 15 दिन में, B उसी कार्य को 12 दिन में तथा C उसी कार्य को 20 दिन में पूरा करता है, तो तीनों मिलकर उस कार्य को कितने दिन में कर पाएँगे ?

(A) 8 दिन (B) 5 दिन
(C) 3 दिन (D) 10 दिन

**54.** दो पाइप एक खाली टंकी को क्रमशः 20 मिनट तथा 30 मिनट में भर सकते हैं। यदि खाली टंकी में दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाये तो इसे भरने में कितना समय लगेगा ?

(A) 10 मिनट (B) 12 मिनट
(C) 15 मिनट (D) 25 मिनट

**55.** एक त्रिभुज की भुजाओं की माप 3 सेमी., 4 सेमी. तथा 6 सेमी. है। त्रिभुज का क्षेत्रफल कितना होगा ?

(A) 9 सेमी.$^2$
(B) 5.33 सेमी.$^2$
(C) 6 सेमी.$^2$
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**56.** A, B और C एक कम्पनी में हिस्सेदार (अंशधारक) हैं। किसी एक वर्ष में A को लाभ का $\frac{1}{3}$ भाग मिला, B को $\frac{1}{4}$ भाग मिला, और C को ₹ 5000 मिले। तब A को कितना लाभ मिला है ?

(A) ₹ 1,000 (B) ₹ 4,000
(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 5,000

**57.** 72 किमी./घण्टा को मीटर/सेकण्ड में बदलिए :

(A) 20 मीटर/सेकण्ड
(B) 10 मीटर/सेकण्ड
(C) 36 मीटर/सेकण्ड
(D) 18 मीटर/सेकण्ड

**58.** 200 मीटर लम्बी रेलगाड़ी 25 किलोमीटर/घण्टा की चाल से चलते हुए एक पेड़ को कितने समय में पार कर लेगी ?

(A) 28.8 सेकण्ड (B) 28 सेकण्ड
(C) 2.8 सेकण्ड (D) 288 सेकण्ड

**59.** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या एक पूर्ण वर्ग संख्या है ?


(A) 7201 (B) 7225
(C) 7236 (D) 7296

**60.** (0.25 + 1.5) (3.5 + 1.5) = ?

(A) 15 (B) 30
(C) 20 (D) 8.75

### निर्देश (प्रश्न संख्या 61 एवं 62 के लिए)

निम्नलिखित लेखाचित्र का अध्ययन कीजिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




**61.** वर्ष 2001 की तुलना में वर्ष 2008 में नमक के उत्पादन में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ?

(A) 55.5 (B) 125
(C) 150 (D) 220

**62.** दिये गये कितने वर्षों में नमक का उत्पादन उन वर्षों के औसत उत्पादन से अधिक था ?

(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4

## तार्किक क्षमता

### निर्देश (प्रश्न संख्या 63 से 66 तक)

निम्नलिखित में पहले दो शब्दों/अक्षरों के बीच एक निश्चित सम्बन्ध है। दिये गये विकल्पों में से उस शब्द/अक्षर का चयन करें जो तीसरे शब्द के साथ चौथा वैसा ही सम्बन्ध रखता है।

**63.** हवा महल : जयपुर : : विश्वनाथ मन्दिर : ?

(A) इलाहाबाद (B) मथुरा
(C) वाराणसी (D) उज्जैन

**64.** रक्त : हृदय : : वायु : ?

(A) नासिका–छिद्र (B) फेफड़े
(C) श्वसन (D) नाक

**65.** डॉक्टर : अस्पताल : : ? : गैरेज

(A) शिक्षक (B) मैकेनिक
(C) योद्धा (D) मोची

**66.** 50 : 65 : : 101 : ?

(A) 12 (B) 117
(C) 122 (D) 145


**67.** जिस प्रकार 'भारत' का सम्बन्ध 'हॉकी' से है, उसी प्रकार 'स्पेन' का सम्बन्ध किससे है?

(A) क्रिकेट
(B) फुटबॉल
(C) साँड़ों की लड़ाई
(D) बेसबॉल


**68.** जिस प्रकार 'छाता', 'वर्षा' से सम्बन्धित है, उसी प्रकार 'कुनैन' किससे सम्बन्धित है?

(A) डॉक्टर (B) दवा
(C) केमिस्ट (D) मलेरिया

**69.** निम्नलिखित में से कौन-सा ऐसा आरेख है, जो यह दर्शाता है कि कुछ क्रिकेट खिलाड़ी, टेनिस के खिलाड़ी हैं, कुछ टेनिस खिलाड़ी हॉकी के खिलाड़ी हैं, लेकिन कोई क्रिकेट खिलाड़ी हॉकी का खिलाड़ी नहीं है?





**70.** निम्न में से कौन जानवरों, हाथियों और शेरों के बीच सम्बन्ध दर्शाता है?




### निर्देश (प्रश्न संख्या 71 से 73 तक)

चित्र में तीन अंतः प्रतिच्छेदित वृत्त दिये गए हैं जो टेनिस, बैडमिन्टन एवं कबड्डी खेलने वाले खिलाड़ियों के समुच्चय को दर्शाते हैं। चित्र के प्रत्येक क्षेत्र को एक संख्या से निरूपित किया गया है।




**71.** कितने खिलाड़ी कबड्डी खेलते हैं?

(A) 48 (B) 28
(C) 38 (D) 43

**72.** सिर्फ टेनिस खेलने वाले खिलाड़ियों के समुच्चय को किस संख्या से निरूपित किया गया है?

(A) 20 (B) 15
(C) 5 (D) 18

**73.** कबड्डी के खिलाड़ियों को छोड़कर, टेनिस एवं बैडमिन्टन दोनों खेल खेलने वाले खिलाड़ियों के समुच्चय को किस संख्या से निरूपित किया गया है?

(A) 10 (B) 12
(C) 15 (D) 5

**74.** निम्नलिखित संख्या शृंखला में कितने 6 हैं जिनमें से प्रत्येक के पहले 5 हैं परन्तु बाद में 7 नहीं है ?

56765649276743568649567

(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) चार

**75.** एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिये गये विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करे।

AZ XB VT CR ?,?

(A) P, D (B) E, Q
(C) Q, E (D) O, Q

**76.** निम्नलिखित प्रश्न में अक्षरों का कौन-सा समूह दी गई शृंखला में खाली स्थानों पर क्रमवार रखने पर शृंखला को पूरा करेगा।

aa_aabb_b_aa_aa bb_bb

(A) bbbba (B) aabbb
(C) babba (D) bbbaa

**77.** एक निश्चित सांकेतिक भाषा में '123' से अभिप्राय 'गर्म फिल्टर्ड कॉफी', '356' से अभिप्राय 'बहुत गर्म दिन' और '589' से अभिप्राय 'दिन और रात' से है। बताएँ कि 'बहुत' के लिए कौन–सा अंक है?

(A) 9 (B) 5
(C) 8 (D) 6

**78.** एक निश्चित कूट में 'SOCIAL' को 'TQFMFR', लिखा जाता हे, तो आप 'DIMPLE' को किस प्रकार कूटित करेंगे?

(A) EKPTQK (B) EKPQPJ
(C) EKPSRJ (D) EKPSOH

**79.** यदि A = 2, M = 26, Z = 52, तो CAB में वर्णों का योग होगा—

(A) 624 (B) 12
(C) 312 (D) 6

**80.** दीपक रवि का भाई है। रीना अतुल की बहन है। रवि रीना का बेटा है। बतायें कि दीपक का रीना से क्या रिश्ता है ?

(A) बेटा (B) भाई
(C) भतीजा/भांजा (D) पिता

**81.** 'X' और 'Y' भाई हैं। 'R', 'Y' के पिता हैं। 'S','T' के भाई और 'X' के मामा हैं। 'T' का 'R' से क्या सम्बन्ध है?

(A) माँ (B) पत्नी
(C) बहन (D) भाई

**82.** एक महिला को इंगित करते हुए रमन कहता है, 'वह मेरे दादाजी के इकलौते पुत्र की पुत्री है।' रमन उस महिला से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(A) भाई (B) चचेरा भाई
(C) पिता (D) चाचा

**83.** शब्द CHARIOT में कितने अक्षर–युग्म ऐसे हैं, जिनमें प्रत्येक के बीच उतने ही अक्षर लुप्त हैं जितने कि उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला में होते हैं?

(A) एक भी नहीं (B) एक
(C) दो (D) तीन

**84.** यदि शब्द PALMIST के प्रत्येक अक्षर को वर्णमाला के क्रमानुसार बाएं से दाईं ओर आयोजित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति वही रहेगी?

(A) एक भी नहीं (B) एक
(C) दो (D) तीन से अधिक

**85.** यदि शब्द 'TROUBLE' में दो अक्षर ऐसे हैं जिनके बीच यहाँ उतने ही अक्षर हैं जितने कि अंग्रेजी वर्णमाला में इनके बीच होते हैं। बताएँ कि इन दो अक्षरों में से कौन–सा अक्षर अंग्रेजी वर्णमाला में पहले आता है?

(A) T (B) U
(C) O (D) L

**86.** यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'A' का अर्थ '+' है, 'W' का अर्थ '÷' है तथा 'Y' का अर्थ '–' है तो निम्नलिखित व्यंजक का मान है—


13 P 3 A 11 Y 26 P 6W 13 A 19

(A) 50 (B) 38
(C) 57 (D) 43

**निर्देश (प्रश्न संख्या 87 एवं 88 के लिए)**


प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर उत्तर आकृतियों में से कौन-सी आकृति आयेगी?

**87. प्रश्न आकृतियाँ**



(i) (ii) (iii) (iv)


**उत्तर आकृतियाँ**




(A) (B) (C) (D)

**88.** नीचे दी गई प्रश्न आकृतियों में अगली आकृति कौन-सी होगी?

**प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




(A) (B) (C) (D)

**89.** नीचे दी गई प्रश्न आकृतियों में अगली आकृति कौन-सी होगी?

**प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




(A) (B) (C) (D)



**90.** समूह से भिन्न ज्ञात कीजिए।






(A) (B) (C) (D)


**91.** पैटर्न को पूरा करने के लिए ? के स्थान पर कौन-सा चित्र आएगा?



(A)  (B) 

(C)  (D) 

**92.** समूह से भिन्न है, उसे ज्ञात कीजिए।



(A) (B) (C) (D)

**93.** नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन एवं चार निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है। चाहे वे असंगत लगते हों तथा यह निर्णय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से तार्किक रूप से सही है/हैं?

**कथन :** कुछ अध्यापक छात्र हैं।
सभी छात्र लड़कियाँ हैं।

**निष्कर्ष :** I. सभी अध्यापक लड़कियाँ हैं।
II. कुछ लड़कियाँ अध्यापक हैं।
III. कुछ लड़कियाँ छात्र हैं।
IV. सभी छात्र अध्यापक हैं।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(B) केवल निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं।
(C) केवल निष्कर्ष I, II और III अनुसरण करते हैं।
(D) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।
(E) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 94 एवं 95 के लिए)**

नीचे तीन वक्तव्य दिए हुए हैं। उनके नीचे चार निष्कर्ष हैं। आपको दिए हुए वक्तव्यों को सत्य मानकर यदि वे साधारणतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न भी लगते हों, निर्णय लेना है कि दिए हुए वक्तव्यों में कौन-सा (कौन-से) निष्कर्ष तार्किक रूप से अनुसरण करता है (करते हैं)। प्रत्येक प्रश्न के लिए जिस उत्तर विकल्प को आप समझते हों उसको अपने उत्तर के रूप में चुनें।

**94. वक्तव्य :**

कोई भी पुरुष लड़के नहीं हैं।

कोई भी महिलाएँ लड़कियाँ नहीं हैं।

सभी लड़के महिलाएँ हैं।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ पुरुष महिलाएँ नहीं हैं।

II. कुछ महिलाएँ पुरुष नहीं हैं।

III. कोई भी लड़के लड़कियाँ नहीं हैं।

IV. कुछ महिलाएँ पुरुष हैं।

(A) केवल I एवं III अनुसरण करते हैं।

(B) केवल II एवं III अनुसरण करते हैं।

(C) या तो II या IV अनुसरण करता है

(D) केवल II एवं IV अनुसरण करते हैं।

**95. वक्तव्य :**

कोई भी पतंग एक स्लेट नहीं है।

कोई भी सुराही एक स्लेट नहीं है।

कुछ सुराहियाँ रस्से हैं।

**निष्कर्ष :**

I. कुछ रस्से स्लेटें हैं।

II. कुछ रस्से स्लेटें नहीं हैं।

III. कोई भी पतंग एक सुराही नहीं है।

IV. कुछ सुराहियाँ पतंगे हैं।

(A) या तो II या III अनुसरण करता है।

(B) या तो I या II एवं IV अनुसरण करते हैं।

(C) या तो III या IV एवं II या अनुसरण करते हैं।

(D) या तो I या II एवं या तो III या IV अनुसरण करते हैं।

**96.** आपका मित्र अपने जन्मदिन समारोह पर आपको निमन्त्रित नहीं करता है, आप क्या करेंगे?

(A) उससे विरोध जताएँगे


(B) सारी कार्यवाही को नजरअन्दाज करेंगे

(C) समारोह में सम्मिलित होंगे


(D) उसे अपनी शुभकामनाएँ भेजेंगे

**97.** उत्तर रेखाकृतियों में से कौन-सी आकृति दी हुई प्रश्न आकृति की बिल्कुल सही दर्पण प्रतिकृति होगी, जबकि दर्पण MN पर रखा जाता है?

**प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**



(A) (B) (C) (D)

**98.** दिए गए शब्द का जल प्रतिबिम्ब ज्ञात कीजिए।

BK 30RP

(A) BK 30ЯP (B) BK 30ꓘЬ

(C) PR03KB (D) BꓘK 30ꓘP

**99.** निम्नलिखित अनुक्रम में 7वीं संख्या कौन-सी होगी ?

3, 6, 12, 24, ..........

(A) 96 (B) 144

(C) 192 (D) 288

**100.** निम्नलिखित अनुक्रम में 8वीं संख्या कौन-सी है ?

12, 34, 78, 1516, ..........

(A) 256257 (B) 5556

(C) 5657 (D) 255256

**101.** निम्नलिखित दिए गए प्रत्येक प्रश्न में अंकों की एक शृंखला दी गई है जिसमें एक पद गलत है, प्रत्येक शृंखला में स्थित उस पद को ज्ञात कीजिए।

97, 86, 73, 58, 45, 34

(A) 58 (B) 73

(C) 45 (D) 34

**102.** परिवार के छः सदस्य A, B, C, D, E और F की औसत आयु क्या है?

1. D और E की कुल आयु 14 वर्ष है, लेकिन B की नहीं।
2. A, B, C और F की औसत आयु 50 वर्ष है, लेकिन E की नहीं।
3. A, B, D और E की औसत आयु 40 वर्ष है।

(A) केवल कथन 1 और 2 की जानकारी से

(B) केवल कथन 1 और 3 की जानकारी से

(C) तीनों कथनों की संयुक्त जानकारी आवश्यक है

(D) तीनों कथन मिलकर भी प्रश्न के उत्तर के लिए पर्याप्त नहीं हैं

**103.** दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़ें और तय करें कि विकल्पों में से कौन-सा निष्कर्ष इस परिच्छेद से तार्किक रूप से मेल खाता है।

एक टीवी शो में, एक प्रसिद्ध पोषणविद् (न्यूट्रिशनिस्ट) ने कहा कि नाश्ते के लिए पेश की जाने वाली विविध प्रकार की वस्तुओं में, मूसली में सामान्य अन्न की तुलना में अधिक पोषण होता है। उन्होंने यह भी कहा कि दलिया रोटी की तुलना में स्वास्थ्यवर्धक है, लेकिन हाल ही में एक अन्न कम्पनी के विज्ञापन का कहना है कि कॉर्नफ्लेक्स (मकई) जैसे अन्न सादे मूसली की तुलना में पोषण में समृद्ध हैं। विज्ञापन में दी गई गलत जानकारी को लेकर उपभोक्ता सोशल मीडिया और कम्पनी की वेबसाइट पर कड़ी आलोचना कर रहे हैं।

(A) पोषणविद् ने जानबूझकर उस टिप्पणी को अन्न कम्पनी के खिलाफ नकारात्मक भावना उत्पन्न करने के लिए मोड़ दिया है

(B) पोषणविद् बहुत ही विश्वसनीय हैं और लोग अन्न कम्पनी के बजाय उनकी कही गई बातों पर भरोसा करते हैं

(C) अन्न कम्पनी ने एक पुराने शोध के आधार पर विज्ञापन किया था और यह गलत सूचना गैर–इरादतन थी

(D) सोशल मीडिया साइट्स ग्राहकों के बीच शिकायत पोर्टल के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रही है

**104.** पाँच रंग दिए गए हैं, जिनमें से चार किसी तरह से एक जैसे हैं और एक अलग है। भिन्न रंग का चयन करें।

हरा, नीला, गुलाबी, नारंगी, पीला

(A) नारंगी (B) गुलाबी

(C) हरा (D) पीला

**105.** पाँच विषय दिए गए हैं, जिनमें से चार किसी तरह से समान हैं और एक अलग है।

बेमेल का चयन करें।

भौतिकी, रसायन विज्ञान, भूगोल, वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान

(A) वनस्पति विज्ञान (B) रसायन विज्ञान

(C) भौतिक विज्ञान (D) भूगोल

**106.** पाँच शब्द दिए गए हैं, जिनमें से चार किसी तरह से एक जैसे हैं और एक भिन्न है।

भिन्न शब्द का चयन करें।

कैनो, डोंगी, हिमकुटी, बेड़ा, नौका

(A) बेड़ा (B) हिमकुटी

(C) कैनो (D) डोंगी

**107.** पाँच शब्द दिए गए हैं, जिनमें से चार किसी तरह से एक जैसे हैं और एक अलग है। बेमेल का चयन करें।

खड़ी चट्टानें, लैपीज, आरोही निक्षेप, सिंकहोल्स, निलंबी निक्षेप

(A) आरोही निक्षेप (स्टलैक्टाइट)

(B) निलंबी निक्षेप

(C) लैपीज

(D) खड़ी चट्टानें

**108.** उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार सम्बन्धित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से सम्बन्धित है।

प्रतिमा : आकार :: गाना : ?

(A) कविता (B) शब्द

(C) गायक (D) धुन

**109.** 100 अभ्यर्थियों के सर्वेक्षण से आइसक्रीम फ्लेवर–वेनिला, चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी की उनकी पसंद के सम्बन्ध में निम्नलिखित जानकारी प्राप्त की गई।
50 अभ्यर्थियों ने वेनिला पंसद की, 43 ने चॉकलेट पसंद की, 28 ने स्ट्रॉबेरी पसंद की, 13 ने वेनिला और चॉकलेट को पसंद किया, 11 ने चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी पसंद की, 12 ने स्ट्रॉबेरी और वेनिला को पसंद किया और 5 ने सभी तीनों फ्लेवर पसंद किए। ऐसे कितने अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी तो पसंद की, लेकिन वेनिला को पसंद नहीं किया?
(A) 24 (B) 10
(C) 32 (D) 6

**110.** किसी निश्चित कोड भाषा में, MOBILITY को 46293927 के रूप में कूटभाषित किया गया है। उसी कोड भाषा के अनुरूप EXAMINATION को कैसे कूटभाषित किया जाएगा?
(A) 27159415955 (B) 67038401834
(C) 56149512965 (D) 12250623034

**111.** किसी निश्चित कूट भाषा में, '1 2 3' का अर्थ है 'हॉट फिल्टर्ड कॉफी', '3 5 6' का अर्थ है 'वेरी हॉट डे' और '5 8 9' का अर्थ है 'डे एंड नाइट'। उसी कोड भाषा में 'वेरी' को कैसे कोडित किया जाएगा?
(A) 6 (B) 7
(C) 1 (D) 2

**112.** दिए गए कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़ें और निश्चित करें कि कौन–सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन का अनुसरण करता है/करते हैं ?
**कथन :**
भारतीय सिनेमा में बदलते दौर इस बात की गवाही दे रहे हैं कि सितारों (कलाकारों) की बड़े बजट की फिल्में खराब कारोबार कर रही हैं और विषय–वस्तु आधारित छोटे बजट की कई फिल्में बढ़िया कारोबार कर रही हैं।
**निष्कर्ष :**
(i) सितारों (कलाकारों) के चयन को अधिक महत्व न देते हुए अपनी कथा सामग्री के कारण छोटे बजट की फिल्में अत्यन्त सफल रही हैं।
(ii) बड़े सितारों (कलाकारों) के चयन के कारण बड़े बजट की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल रही हैं।
(A) केवल निष्कर्ष (i) अनुसरण करता है
(B) केवल निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है
(C) दोनों, निष्कर्ष (i) और (ii) अनुसरण करते हैं
(D) न तो निष्कर्ष (i) न ही (ii) अनुसरण करता है

**113.** गाँव P, गाँव Q के पूर्व में है। गाँव R, गाँव P के उत्तर में है। गाँव S, गाँव R के पश्चिम में है। गाँव S, गाँव P की किस दिशा की ओर है ?
(A) दक्षिण–पूर्व (B) दक्षिण–पश्चिम
(C) उत्तर–पश्चिम (D) उत्तर–पूर्व

## हिन्दी

**114.** 'जिसकी पूर्व से कोई आशा न हो' के लिए एक शब्द है–
(A) प्रत्याशा (B) अप्रत्याशित
(C) अपरिमेय (D) अनाहूत

**115.** 'निमिष' शब्द का पर्याय है–
(A) प्रकाश (B) छिद्र
(C) पूर्ण (D) क्षण

**116.** 'मुझसे उठा नहीं गया' वाक्य में वाच्य है–
(A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य
(C) भाववाच्य (D) इनमें से कोई नहीं

**117.** 'अपेक्षा' का विशेषण रूप क्या है?
(A) सापेक्ष (B) उपेक्षा
(C) निरपेक्ष (D) अपेक्षित

**118.** 'गोधूम' शब्द का तद्भव है–
(A) गेहूँ (B) गाय
(C) गोबर (D) गोधन

**119.** 'निष्कपट' शब्द का सन्धि–विच्छेद है–
(A) निः + कपट (B) निष् + कपट
(C) नि + कपट (D) निश् + कपट

**120.** निम्न में से किस शब्द की वर्तनी सही है?
(A) अनुग्रहीत (B) अनुगृहीत
(C) अनग्रहीत (D) अनुग्रहित

**121.** 'उपत्यका' का अर्थ है–
(A) सूर्य जिस पर्वत के पीछे से निकलता है
(B) प्राणियों के पेट का एक अंग
(C) पर्वत का शिखर
(D) पर्वत के पास की भूमि

**122.** 'श' ध्वनि का उच्चारण स्थान क्या है ?
(A) दन्त (B) मूर्द्धा
(C) तालु (D) दन्तालु

**123.** 'अत्यन्त' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है–
(A) अत् (B) अ
(C) अत्य (D) अति

**124.** 'चौराहा' शब्द में समास है–
(A) कर्मधारय (B) द्वन्द्व
(C) द्विगु (D) अव्ययीभाव

**125.** 'ङ्' का उच्चारण स्थान होता है–
(A) नासिक्य (B) कण्ठौष्ठ्य
(C) मूर्धन्य (D) कण्ठतालव्य

**126.** 'चार गज मलमल' में कौन–सा विशेषण है ?
(A) संख्यावाचक (B) गुणवाचक
(C) परिमाणबोधक (D) सार्वनामिक

**127.** 'सीस' का तत्सम रूप क्या है ?
(A) शीश (B) शीर्ष
(C) सिरा (D) शीर्षक

**128.** हिन्दी भाषा में कितनी बोलियाँ हैं ?
(A) 15 (B) 25
(C)18 (D) 22

**129.** 'आँख की किरकिरी होना' का अर्थ है–
(A) अप्रिय लगना (B) धोखा देना
(C) कष्टदायक होना (D) बहुत प्रिय होना

**130.** निम्नलिखित में मौखिक अभिव्यक्ति का रूप है–
(A) शुद्ध वर्तनी (B) सुलेख
(C) श्रुतलेख (D) आशु भाषण

**131.** निम्नलिखित में से किस देश में हिन्दी भाषा का प्रयोग लिखने एवं बोलने में किया जाता है ?
(A) ऑस्ट्रेलिया (B) दक्षिण अमेरिका
(C) पाकिस्तान (D) मॉरीशस

**132.** भारतेन्दु युग में निकलने वाली पत्रिका–युग्म है–
(A) कविवचन सुधा–हिन्दी प्रदीप
(B) सरस्वती–माधुरी
(C) कल्पना–ज्ञानोदय
(D) नवनीत–कादम्बिनी

**133.** 'तद्भव' पत्रिका के सम्पादक का नाम है–
(A) लीलाधर जगूड़ी
(B) विश्वनाथ प्रसाद तिवारी
(C) हरे प्रकाश उपाध्याय
(D) अखिलेश

**134.** "बारह बरस लौ कूकर जीवै, अरु तेरह लौ जियै सियार।" यह पंक्ति किसकी है ?
(A) विद्यापति (B) चन्दबरदाई
(C) नरपति नाल्ह (D) जगनिक

**135.** निम्नलिखित में से कौन–सी व्याकरण और वर्तनी से शुद्ध भाषा कहलाती है ?
(A) साहित्यिक भाषा (B) प्रांजल भाषा
(C) व्याकरणिक भाषा (D) मानक भाषा

**136.** 'सूरसागर' किस भाषा की रचना है ?
(A) अवधी (B) बुन्देली
(C) ब्रज (D) छत्तीसगढ़ी

**137.** 'वीरों का कैसा हो वसन्त' कविता किसने लिखी है ?
(A) सुमित्रा कुमारी चौहान
(B) सुभद्रा कुमारी चौहान

(C) माखनलाल चतुर्वेदी
(D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

**138.** निम्नलिखित में से कौन–सा रासो 'आल्हाखण्ड' के नाम से प्रसिद्ध है ?
(A) पृथ्वीराज रासो
(B) खुमाण रासो
(C) परमाल रासो
(D) बीसलदेव रासो

**139.** किस वाक्य में सकर्मक क्रिया नहीं है?
(A) सीता भोजन बना रही है।
(B) टैगोर ने गीतांजलि लिखी।
(C) श्याम रोता है।
(D) बच्चा फल तोड़ रहा है।

**140.** निम्न में से क्रिया–विशेषण है–
(A) वह धीरे से बोलता है।
(B) वह काला कुत्ता है।
(C) रमेश तेज धावक है।
(D) सत्य वाणी सुन्दर होती है।

**141.** किस विकल्प में 'सूत–सुत' शब्द का सही अर्थ भेद है ?
(A) धारा–घोड़ा (B) पुत्र–सुई
(C) धागा–पुत्र (D) सारथी–धागा

**142.** किस विकल्प में 'कृतज्ञ–कृतघ्न' शब्द का सही अर्थ भेद है ?
(A) कृतकार्य – बंधनमुक्त
(B) उपकार मानने वाला – उपकार न मानने वाला
(C) रचित – टूटा हुआ
(D) उपकार को मानने वाला – उपकारी

**143.** निसिदिन बरसत नयन हमारे : पंक्ति में रस है–
(A) वियोग श्रृंगार (B) करुण रस
(C) रौद्र रस (D) अद्‌भुत रस

**144.** छन्द मुख्य रूप से कितने प्रकार के होते हैं?
(A) दो (B) तीन
(C) चार (D) छः

**145.** ''चरण कमल बन्दौ हरि राई'' में अलंकार है–
(A) उपमा (B) श्लेष
(C) उदाहरण (D) रूपक

**निर्देश (प्रश्न संख्या 146 से 150 तक)**

नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

कुछ कहा जा रहा है उससे कहीं महत्वपूर्ण होता है अपनी बात कहने का तरीका। आप कितनी ही जरूरी बात क्यों न कहें, अगर आपकी बात कोई सुने नहीं, महसूस ही न करे, तो उसे कहने का फायदा ही क्या? किसी के कहे को सुनने के लिए, उसे महसूस करने के लिए, पूरा ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत होती है और वही मिलता था मुझे उस महान संगीतज्ञ बीथोवन के स्वरों द्वारा–पूरा ध्यान। आप पूछ सकते हैं कि ''आवा-जाही और बातचीत के शोर से भरे किसी कमरे के दूसरे छोर पर बैठा कोई बच्चा उन आठ कोमल स्वरों को भला कैसे सुनता होगा?'' इस सवाल का जवाब तो कोई भी शिक्षक दे सकता है। ये स्वर तो वे बच्चे ही सुन पाते थे जो पियानो के बिल्कुल पास खड़े हों, और तब उनका स्पर्श दूसरों को आगाह करता था। पर कुछ ही क्षणों तेजी से फैलती वह खामोशी ही बोलने लगती थी और जब तक आखिरी स्वर की गूँज खत्म होती, सभी बच्चे शांत हो चुके होते थे। वे खामोशियों, से सन्नाटे याद रहेंगे मुझे,..........सात क्या उसके भी कई-कई सालों बाद भी।

**146.** लेखिका के अनुसार अपनी बात कहने के सन्दर्भ में सबसे महत्वपूर्ण क्या है ?
(A) ध्यान केन्द्रित करने के लिए आवाजों का प्रयोग करना
(B) सवाल का जवाब देना
(C) जो कुछ कहा जा रहा है
(D) बात कहने का तरीका

**147.** 'खामोशी ही बोलने लगती है' से अभिप्राय है–
(A) खामोशी तेज आवाज में बोलती है
(B) खामोश बच्चे बोलने लगते हैं
(C) जब कुछ बच्चे धीरे–धीरे बोलना बंद कर देते हैं तो बाकी बच्चों को पता चल जाता है कि उन्हें भी शान्त होना है
(D) खामोशी बच्चों से कहती है कि चुप हो जाओ

**148.** लेखिका के अनुसार–
(A) एक शिक्षक अपने बच्चों को बहुत अच्छी तरह जानता है
(B) बच्चों को शान्त करने के लिए संगीत का ही प्रयोग करना चाहिये
(C) बच्चे बहुत शोर करते हैं
(D) बच्चे बहुत बोलते हैं

**149.** 'महत्वपूर्ण' शब्द है–
(A) विकारी (B) यौगिक
(C) रूढ़ (D) योगरूढ़

**150.** निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द स्त्रीलिंग है ?
(A) जवाब (B) सवाल
(C) पियानो (D) बातचीत

# व्याख्यात्मक हल

## सामान्य ज्ञान

**1.** (A) वायुदाबलेखी का आविष्कार लुसियान वीदी ने 1844 में किया था। यह निर्दव वायुदाबमापी था। सबसे पहला वायुदाबमापी ई. टोरसेली (E. Toricelli) ने 1643 में बनाया था। वायुदाब मापन की इकाई मिलीबार (Mb)/ पास्कल है।

**2.** (C) कश्मीर समस्या दो देशों भारत व पाकिस्तान के बीच की समस्या रही है, जिसमें दोनों देश के झगड़े का मुद्दा कश्मीर है, जिसमें दोनों देश कश्मीर पर अपना–अपना अधिकार चाहते हैं। यह मुद्दा कई वर्षों से चला आ रहा है।

**3.** (B) सी-एनीमॉस सीलेन्ट्रेटा/नीडेरिया (Coelenterata) संघ से है। इन जीवों के मुख पर स्पर्शक भी पाये जाते हैं। स्पर्शकों पर दंश कोशिकाएँ (Namotocysts) होते हैं। हाइड्रा, जेलीफिश भी इसी संघ से है।

**4.** (A) एलीफेंटा की गुफाएँ महाराष्ट्र में स्थित हैं। इस गुफाओं में शिव मूर्तियाँ स्थित हैं। ये गुफाएँ धारापुरी गुफाओं के नाम से भी जानी जाती हैं।

**5.** (B) विद्युत ऊर्जा को यदि बिना किसी क्षय के लम्बी दूरी तक संचारित करना है तो ऐसा AC (प्रत्यावर्ती धारा) के रूप में संचारित करके किया जा सकता है।

**6.** (A) रॉलेट एक्ट एक विधायी अधिनियम था जिसे इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल द्वारा 18 मार्च, 1919 को दिल्ली में पारित किया गया था। इसे अराजकतावादी और क्रान्तिकारी अपराध अधिनियम, 1919 के रूप में भी जाना जाता था। राष्ट्रवादी क्रान्तिकारी संगठनों से धमकी मिलने के कारण यह अधिनियम पारित किया गया था।

**7.** (D) एकॉर्निया (Eichhornia) को आम जलकुंभी (Water Hyacinth) भी कहा जाता है।

**8.** (B) रुक्मिणी देवी अरुंडेल का संबंध भरतनाट्यम से है। भाँगड़ा पंजाब राज्य का नृत्य है। इनको 1956 में पद्म भूषण तथा 1967 में संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप प्राप्त हुई। इनकी मृत्यु 1986 में चेन्नई में हुई।

**9.** (A) प्लूटो (यम) को बौना ग्रह कहकर भी पुकारा जाता है। इसको सन् 2006 में ग्रह की श्रेणी से निकाल दिया गया था। इसको संख्या 134340 से भी जाना जाता है। इसकी खोज 1930 में क्लाइड टॉमबा (Clyde Tombaugh) ने की थी।

**10.** (D) ब्रह्मसमाज की स्थापना सन् 1828 में राजा राजमोहन राय ने की थी। राजा राममोहन राय को नव जागरण का अग्रदूत कहा जाता है। सन् 1814-15 में इन्होंने आत्मीय सभा की स्थापना की। मुगल शासक अकबर द्वितीय ने इनको 1830 में राजा की उपाधि दी थी।

**11.** (C) शाहजहाँ ने ताजमहल का निर्माण अपनी बेगम मुमताज महल की याद में 1631 में प्रारम्भ कराया तथा इसका निर्माण 1653 में पूर्ण हुआ। ताजमहल का डिजाइन हमीद लाहौरी ने बनाया था तथा इसका निर्माण कार्य उस्ताद ईसा खाँ की देख-रेख में हुआ था। शाहजहाँ का वास्तविक नाम खुर्रम तथा मुमताज महल का वास्तविक नाम अर्जुमंद बानो बेगम था।

**12.** (C) प्रथम फिल्मफेयर अवार्ड सन् 1954 में संपन्न हुए थे। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दाग

फिल्म के लिए दिलीप कुमार को, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मीना कुमारी को बैजू बावरा के लिए तथा सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार विमल रॉय को मिला।

**13.** (D) राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के अन्तर्गत सामरिक नीति दल के सदस्यों में कैबिनेट सचिव, गृह सचिव, आई बी प्रमुख व रॉ प्रमुख आदि सम्मिलित होते हैं। प्रश्नानुसार इसका उत्तर (D) होगा।

**14.** (D) कोई भी व्यक्ति कितनी भी बार (अनिश्चित बार) प्रधानमंत्री बन सकता है प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है तथा शपथ दिलाता है। प्रधानमंत्री के परामर्श पर राष्ट्रपति ही मंत्रिपरिषद् की नियुक्ति करता है।

**15.** (A) दीपिका कुमारी का संबंध तीरंदाजी से है। सुशील कुमार कुश्ती से तथा मैरी कॉम मुक्केबाजी से सम्बन्धित हैं। विरघवाल खाडे तैराकी से संबंधित हैं।

**16.** (A) अर्थशास्त्र पुस्तक की रचना चाणक्य ने की थी। इनको विष्णुगुप्त भी कहा जाता है। इन्हें "भारत का मैकियावली" भी कहते हैं। चंद्रगुप्त मौर्य एवं चाणक्य ने मिलकर नंद वंश के शासक घनानंद की हत्या की तथा मौर्य वंश की स्थापना की। चंद्रगुप्त मौर्य को सैंड्रोकोरस भी कहा जाता है। चंद्रगुप्त मौर्य का विवाह यूनानी शासक सेल्यूकस निकेटर की पुत्री हेलेना से हुआ था।

**17.** (D) क्लोरोफिल के केन्द्र में मैग्नीशियम का एक परमाणु है। क्लोरोफिल पत्तियों में हरे रंग का वर्णक है। यह प्रकाश संश्लेषण का केन्द्र होता है।

**18.** (A) मीथेन को मार्श गैस के रूप में भी जाना जाता है। यह गैस अवायुजीवी जीवाणु द्वारा जल के अन्दर शाकाहारी जन्तुओं के प्रथम आमाशय और वनस्पति पदार्थों के अपघटन से निर्मित होती है। मार्श गैस हाइड्रोजन सल्फाइड और कार्बन–डाइ–ऑक्साइड का अल्प संयोजन भी है।

**19.** (C) बी.सी. राय पुरस्कार अथवा बिधान चन्द्र राय पुरस्कार की स्थापना 1962 में भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा की गई। यह चिकित्सा क्षेत्र में प्रदान किया जाता है। राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को नई दिल्ली में भारत के राष्ट्रपति द्वारा दिया जाता है।

**20.** (A) दामोदर वैली कॉर्पोरेशन, सांविधिक निकाय है। संविधिक निकाय वह है जिसे संसद के अधिनियम या राज्य विधान द्वारा गठित किया जाता है। इसकी स्थापना प्रायः विशेष कार्यो को करने के लिए की जाती है।

**21.** (D) भारत में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार परमवीर चक्र है। यह उच्चकोटि की शूरवीरता एवं त्याग के लिए प्रदान किया जाता है। यह सर्वोच्च सैन्य अलंकरण है।

**22.** (C) पुलित्जर पुरस्कार साहित्य एवं पत्रकारिता में असाधारण कार्य करने के लिए दिया जाता है। पुलित्जर पुरस्कार संयुक्त राज्य (कोलम्बिया विश्वविद्यालय) अमेरिका द्वारा प्रदान किया जाता है।

**23.** (B) भारतीय रिजर्व बैंक का लेखा वर्ष (1 जुलाई – 30 जून) तक होता है।

**24.** (D) योजना आयोग एक गैर–संवैधानिक निकाय है। इसके बारे में संविधान में कोई उपबन्ध नहीं है।

**25.** (A) महाबलीपुरम् स्थित एकाश्मीय शैल मन्दिरों का प्रसिद्ध नाम रथ है। यहाँ पर एक ही पत्थर से बने हुए पाँच मन्दिरों का समूह है जिन्हें रथ कहते हैं।

**26.** (D)

| | | |
|---|---|---|
| बिरहा | – | भोजपुर |
| कजरी | – | अवधी |
| मल्हार | – | कौरवी |
| रसिया | – | ब्रजी |

**27.** (D) लोकनृत्य राहुला का सम्बन्ध उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र से है। उत्तर प्रदेश के प्रमुख लोक नृत्य हैं: ख़्याल नृत्य, रास नृत्य, झूला नृत्य, मयूर नृत्य, धोबिया नृत्य, चरकुला नृत्य, कठफोड़वा नृत्य, जोगिनी नृत्य आदि।

**29.** (B) एक विषय पंक्ति वह परिचय है जो ईमेल इरादे की पहचान करता है। यह विषय पंक्ति, ईमेल उपयोगकर्ता या प्राप्तकर्ता को दिखाई जाती है जब वे अपने इनबॉक्स से संदेशों की सूची को देखते हैं।

**29.** (B) केशवदास रचित प्रामाणिक ग्रंथ नौ हैं– रसिकप्रिया,कविप्रिया, नखशिख, छंदमाला, रामचंद्रिका, वीरसिंहदेव रचित, रतनाबावनी, विज्ञानगीता और जहाँगीर जस–चंद्रिका।

**30.** (B) राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (NTRO) भारत सरकार की एक अत्याधुनिक विशिष्ट तकनीकी खुफिया एजेंसी है। यह उड्डयन और रिमोट सेंसिंग डाटा संग्रहण और प्रोसेसिंग, साइबर सुरक्षा क्रिप्टोलॉजी सिस्टम आदि में प्रौद्योगिकी क्षमताओं को विकसित करती है।

**31.** (C)

**32.** (B) शिवाजी और बीजापुर के सुल्तान के बीच विवाद के बीज बोना। शिवाजी को मारने के लिये राजा जयसिंह ने बीजापुर के सुल्तान से संधि कर पुरन्दर के किले को अधिकार में करने की योजना के प्रथम चरण में 24 अप्रैल, 1665 ई. में 'व्रजगढ़' के किले पर अधिकार कर लिया।

**33.** (A) मोहनजोदड़ो– ग्रेट बाथ, हड़प्पा–स्टैच्यू ऑफ प्रीस्ट, कालीबंगन–हल के चिह्न, लोथल–पत्तन।

**34.** (D) हीमोग्लोबिन–रुधिर वर्णिका या (हीमोग्लोबिन HB या HGB) पृष्ठवंशियों की लाल रक्त कोशिकाओं और कुछ ऊतकों में पाया जाने वाला लौह युक्त ऑक्सीजन का परिवहन करने वाला धातु प्रोटॉन है।

**35.** (D) निषेचन। जन्तुओं में मादा के अडाणु और नर के शुक्राणु मिलकर एकान्तकार हो जाते हैं और नये जीव का सृजन करते हैं इसे निषेचन कहते हैं।

**36.** (A) थाइलैण्ड। थाईलैंड को सफेद हाथियों का देश कहा जाता है। इनका होना इस बात का प्रतीक है कि राजा न्याय और शक्ति के साथ राज्य करता है।

**37.** (B) डायनमो यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है। विद्युत मोटर विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में परिवर्तित करता है। माइक्रोफोन ध्वनि ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में तथा लाउडस्पीकर विद्युत ऊर्जा को ध्वनि ऊर्जा में परिवर्तित करता है।

**38.** (A) कोई संगीतज्ञ जो किसी सुविधा–निधि के लिए कार्यक्रम में भाग ले रहा हो। अर्थशास्त्री श्रमिक कहलाता है।

**39.** (C) खान अब्दुल गफ्फार खां। इनका जन्म 1890 ई. में पाकिस्तान के पेशावर में हुआ था। और मृत्यु 1988 ई. में हुई। यह एक महान राजनेता थे जिन्होंने भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में भाग लिया था।

**40.** (C) हाइड्रोजन। यह एक रासायनिक तत्व है। यह आवर्त सारणी का सबसे पहला तत्व है जो सबसे हल्का भी है। यह ब्रह्मांड में सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। यह वायु या ऑक्सीजन में जलता है।

## आंकिक क्षमता

**41.** (B) 110 से 120 के बीच अभाज्य संख्या = 113

अतः 110 से 120 के बीच अभाज्य संख्या 1 होगी।

**42.** (D) $26 \times 0.91 = 26$

$$\begin{array}{r} \times 0.91 \\ \hline 26 \\ 234\times \\ \hline 23.66 \\ \hline \end{array}$$

**43.** (D) $(0.2)^3 \times 200 \div 2000$ का $(0.2)^2$

$= (0.008) \times 200 \div 2000 \times 0.04$

$= (0.008) \times 200 \div 80$

$= \dfrac{8 \times 200}{80 \times 1000} = 0.02 = \dfrac{1}{50}$

**44.** (D)

$$\begin{array}{c|cccc} 2 & 42 & 70 & 98 & 126 \\ \hline 7 & 21 & 35 & 49 & 63 \\ \hline & 3 & 5 & 7 & 9 \end{array}$$

म.स.प. $= 2 \times 7 = 14$

**45.** (C) $\text{ल.स.प.} = \dfrac{\text{दोनों संख्याओं का गुणनफल}}{\text{म.स.प.}}$

$\text{ल.स.प.} = \dfrac{375}{5} = 75$

**46.** (C)

$5 : 8 :: 15 : x$ (माना)

$5x = 8 \times 15$

$x = 8 \times 3$

$x = 24$

**47.** (B) ? का 52% = 182

$? \times \dfrac{52}{100} = 182$

$? = \dfrac{182 \times 100}{52}$

$= 350$

**48.** (A) निब्बल प्रभाव $= \left(80 - 20 - \dfrac{80 \times 20}{100}\right)\%$

$= 80 - 20 - 16$

$= 80 - 36$

= 44% वृद्धि

**49.** (A) माना कि वस्तु का क्रय मूल्य

= ₹ 100 है।

25% लाभ के बाद वस्तु का मूल्य

= ₹ 125

माना कि वस्तु का अंकित मूल्य ₹ $x$ है

$x - \dfrac{x \times 25}{100} = 125$

$\Rightarrow \quad \dfrac{75x}{100} = 125$

$x = ₹\, \dfrac{500}{3}$

10% छूट के बाद मूल्य

$= \dfrac{500}{3} \times \dfrac{90}{100}$

= ₹ 150

$\text{लाभ } \% = \left(\dfrac{150 - 100}{100}\right) \times 100$

= 50%.

**50.** (B) समय $= 1\dfrac{1}{2}$ वर्ष $= \dfrac{3}{2}$ वर्ष

$I = \dfrac{9000 \times 10 \times 3}{100 \times 2}$

$= \dfrac{900 \times 3}{2}$

$= 450 \times 3 =$ ₹ 1350

**51.** (A) चक्रवृद्धि ब्याज

$= P\left[\left(1 + \dfrac{r}{100}\right)^n - 1\right]$

$= 4500\left[\left(1 + \dfrac{10}{100}\right)^2 - 1\right]$

$= 4500\left[\dfrac{11}{10} \times \dfrac{11}{10} - 1\right]$

$= 4500\left[\dfrac{121 - 100}{100}\right]$

$= 45 \times 21 =$ ₹ 945

धन वापस करना होगा

$= 9000 + 1350$

= ₹ 10,350

**52.** (C) माना कि चार क्रमागत विषम संख्याएँ क्रमशः $x - 2, x, x + 2$ तथा $x + 4$ हैं।

प्रश्नानुसार,

$42 = \dfrac{x - 2 + x + x + 2 + x + 4}{4}$

$42 = \dfrac{4x + 4}{4}$

$42 = \dfrac{4(x + 1)}{4}$

$\therefore \quad x = 42 - 1 = 41$

B तथा D का गुणनफल $= x(x + 4)$

$= 41(41 + 4) = 41 \times 45 = 1845$

**53.** (B) अभीष्ट दिनों की संख्या :

$= \dfrac{d_1 \times d_2 \times d_3}{d_1 d_2 + d_2 d_3 + d_3 d_1}$

$= \dfrac{15 \times 12 \times 20}{15 \times 12 + 12 \times 20 + 20 \times 15}$

$= \dfrac{15 \times 12 \times 20}{180 + 240 + 300}$


$= \dfrac{15 \times 12 \times 20}{720} = 5$ दिन

**54.** (B) टंकी को भरने में लगा समय

$= \dfrac{t_1 t_2}{t_1 + t_2} = \dfrac{20 \times 30}{20 + 30}$

$= \dfrac{600}{50} = 12$ मिनट

**55.** (B)




अर्द्ध परिमाप $(s) = \dfrac{6 + 4 + 3}{2}$

$= 6.5$

सूत्रः

$= \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$

$= \sqrt{6.5 \times .5 \times 2.5 \times 3.5}$

$= \sqrt{13 \times \underline{5 \times 5} \times \underline{5 \times 5} \times 5 \times 7 \times 10^{-4}}$

$= 10^{-2} \times 5 \times 5 \sqrt{13 \times 35}$

$= 0.25 \times 21.3$

= 5.33 सेमी$^2$

**56.** (B) अतः प्रश्नानुसार,

A का लाभ + B का लाभ + C का लाभ = 1

$\dfrac{1}{3} + \dfrac{1}{4} + x = 1$

$x = 1 - \dfrac{1}{3} - \dfrac{1}{4}$

$= \dfrac{12 - 4 - 3}{12}$

$x = \dfrac{5}{12}$

C का लाभ $\dfrac{5}{12}$ भाग = ₹ 5,000

अतः कुल लाभ $= \dfrac{5{,}000 \times 12}{5}$

= ₹ 12,000

A का लाभ $= \dfrac{1}{3} \times 12{,}000$

= ₹ 4,000

**57.** (A) 72 किमी./घण्टा $= 72 \times \dfrac{5}{18}$

= 20 मी./सेकण्ड

**58.** (A) S = 25 किमी./घण्टा

$= 25 \times \dfrac{5}{18}$ मी./से.

अभीष्ट समय $= \dfrac{\text{दूरी}}{\text{चाल}} = \dfrac{l}{S}$

$= \dfrac{200}{25 \times 5} \times 18$

= 28.8 सेकण्ड

**59.** (B)

| | |
|---|---|
| 5 | 7225 |
| 5 | 1445 |
| 17 | 289 |
| 17 | 1 |

अतः $7225 = (17 \times 5)^2$

$= (85)^2$

अतः 7225 पूर्ण वर्ग संख्या है।

**60.** (D) $(0.25 + 1.5)(3.5 + 1.5) = ?$

$\therefore \quad ? = (1.75) \times (5.0) = 8.75$

**61.** (B) अभीष्ट प्रतिशत वृद्धि

$$= \frac{90000-40000}{40000}\times 100$$

$$= \frac{50000}{40000}\times 100 = 125\%$$

**62.** (C) औसत उत्पादन

$$= \frac{40000+30000+70000+25000+55000+50000+80000+90000}{8} \text{ टन}$$

$$= \frac{440000}{8} = 55000 \text{ टन}$$

इससे अधिक उत्पादन वाले वर्ष हैं—2003, 2007 एवं 2008 $\Rightarrow 3$

## तार्किक क्षमता

**63.** (C) जिस प्रकार हवा महल जयपुर में स्थित है, उसी प्रकार विश्वनाथ मंदिर वाराणसी में स्थित है।

**64.** (B) जिस प्रकार हृदय में रक्त संचार होता है, उसी प्रकार फेफड़े में वायु संचार होता है।

**65.** (B) जिस प्रकार डॉक्टर का कार्यस्थल अस्पताल है उसी प्रकार मैकेनिक का कार्यस्थल गैरेज है।

**66.** (C)

$50 = 7^2 + 1$

$65 = 8^2 + 1$


$101 = 10^2 + 1$

$\boxed{122} = 11^2 + 1$

**67.** (C) 'भारत' का राष्ट्रीय खेल 'हॉकी' तथा 'स्पेन' का राष्ट्रीय खेल 'साँडों की लड़ाई' है।


**68.** (D) जिस प्रकार 'छाता', 'वर्षा' से रक्षा करता है, उसी प्रकार 'कुनैन', 'मलेरिया' से रक्षा करती है।

**69.** (B)




अतः विकल्प (C) सही वेन आरेख है।

**70.** (C)





**71.** (A) कबड्डी खेलने वालों की संख्या = 5 + 10 + 15 + 18 = 48

**72.** (A) केवल टेनिस खेलने वालों की संख्या = 20

**73.** (B) कबड्डी के खिलाड़ियों को छोड़कर टेनिस एवं बैडमिंटन खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या = 12

**74.** (B) | 5 | 6 | 4 |, | 5 | 6 | 8 |

**75.** (A)




**अतः ? ⇒ P, D**

**76.** (C) aabaa/bbabb/aabaa/bbabb

अतः babba सही उत्तर है।


**77.** (D) 1 2 [3] ⇒ [गर्म] फिल्टर्ड कॉफी

[3] (5) 6 ⇒ बहुत [गर्म] (दिन)


(5) 8 9 ⇒ (दिन) और रात

∴ बहुत → 6

**78.** (A) जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




**79.** (B)

∵ A = 2, M = 26, Z = 52


∴ C = 6

A = 2

B = 4


∴ CAB में वर्णों का योग = 6 + 2 + 4 = 12

**80.** (A)





दीपक, रीना का बेटा है।

**81.** (B)




अतः T, R की पत्नी है।

**82.** (A)




वह महिला रमन की बहन होगी। अतः रमन उस महिला का भाई लगेगा।

**83.** (B) C H A R I O T

**84.** (D) P A L M I S T

A I L M P S T

**85.** (D)

20 18 15 21 2 12 5

T R O U B L E

⇒ [L], O

यहाँ उपर्युक्त शब्द में L और O 'एक' ऐसे अक्षर–युग्म है जिनके बीच यहाँ उतने ही अक्षर मौजूद हैं जितने कि अंग्रेजी वर्णमाला में इनके बीच होते हैं। उपर्युक्त अक्षर–युग्म में 'L' पहले आता है।

अतः अभीष्ट अक्षर ⇒ L होगा।

**86.** (C) 13 P 3 A 11 Y 26 P 6 W 13A 19

$\Rightarrow 13 \times 3 + 11 - 26 \times 6 \div 13 + 19$

$\Rightarrow 13 \times 3 + 11 - \frac{26 \times 6}{13} + 19$

$\Rightarrow 39 + 11 - 12 + 19$

$\Rightarrow 69 - 12 = 57$


**87.** (C) पासा ऊपर नीचे उलट जाता है तथा बायें सतह पर नया संकेत (चिह्न) आ जाता है।

**88.** (D) प्रत्येक अगली आकृति में काली तथा सफेद पिन 90° तथा 45° दक्षिणावर्त दिशा में घूम रही है। इस प्रकार अगली आकृति विकल्प (D) है।

**89.** (D) प्रत्येक अगली आकृति में, अन्दर वाली आकृति बाहर आ जाती है तथा अन्दर एक नई आकृति जुड़ जाती है। इस प्रकार अगली आकृति विकल्प (D) है।

**90.** (D) 'E' को छोड़ अन्य तीनों अंग्रेजी के अक्षर में तीन ही रेखाओं का प्रयोग हुआ है, जबकि 'E' में चार रेखाओं की आवश्यकता है।


**91.** (C)



विकल्प C) की आकृति प्रश्न आकृति को पूरा करती है।


**92.** (C) विकल्प (C) को छोड़ अन्य आकृतियाँ दोनों तरफ खुली हैं।

**93.** (B)




केवल निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं।


**94.** (B )




I. × II. √ III. √ IV. ×


केवल II एवं III अनुसरण करते हैं।

**95.** (D)




**96.** (D) यदि आपका मित्र आपको अपने जन्मदिन पर आमंत्रित नहीं करता है तब भी आप अपनी शुभकामनाएँ अपने मित्र को भेजेंगे।

**97.** (A)





प्रश्न आकृति उत्तर आकृति

**98.** (B)





**99.** (C)





अतः ? ⇒ 192

**100.** (D)




अतः ? ⇒ 255 256

**101.** (C)




उपर्युक्त शृंखला में '58' के बाद '47 ' होना चाहिए। अतः संख्या '45' गलत है।

**102.** (A) कथन 1 और 2 से,

$$\text{अभीष्ट औसत आयु} = \frac{14+4\times 50}{6}$$

$$= \frac{14+200}{6} = 35\frac{2}{3} \text{ वर्ष}$$

**103.** (B) दिए गए परिच्छेद का अध्ययन करने पर यह अर्थ निकलता है कि पोषण विद् जो संबंधित विषय की शिक्षा एवं अनुभव प्राप्त करके आया है और नाश्ते के लिए उपयोगी पोषक तत्वों वाली चीजों की सलाह दे रहा है, तो लोग उस पोषण विद् द्वारा कही गई बातों पर विज्ञापन की अपेक्षा अधिक विश्वास करेंगे, क्योंकि अधिकतर विज्ञापन कम्पनियाँ अपने उत्पाद की बिक्री हेतु विज्ञापन करती हैं। अतः लोग उन पर इतना विश्वास नहीं करेंगे, जबकि पोषण विद् एक टी.वी. शो में केवल सलाह दे रहा है, न कि अपने उत्पाद का विज्ञापन कर रहा है। अतः केवल विकल्प (B) तार्किक रूप से मेल खाता है।

**104.** (B) दिए गए रंगों में गुलाबी रंग अन्य सभी रंगों से अलग हैं, क्योंकि प्रकाश के सात रंगों को VIBGYOR द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। इनके नाम निम्न प्रकार हैं :

| V | I | B | G | Y | O | R |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| (बैंगनी) | (गहरा नीला) | (नीला) | (हरा) | (पीला) | (नारंगी) | (लाल) |

इन रंगों में गुलाबी रंग नहीं होता है।


**105.** (D) 'भूगोल' को छोड़कर अन्य सभी विषय विज्ञान वर्ग के हैं, जबकि भूगोल 'कला' वर्ग का विषय है।

**106.** (B) बेड़ा, कैनो, डोंगी तीनों नौकाओं के प्रकार हैं, जो जल में चलती हैं, जबकि हिमकुटी (Igloo) बर्फ का घर होता है। अतः हिमकुटी अन्य तीनों से भिन्न है।

**107.** (D) निलंबी निक्षेप, आरोही निक्षेप तथा लैपीज चूना पत्थर वाले प्रदेश में अपक्षय एवं निक्षेपण से बनने वाली आकृतियाँ हैं, जबकि खड़ी चट्टानें हिमनद के अपरदन से बनने वाली आकृतियाँ हैं। अतः खड़ी चट्टानें अन्य तीनों से भिन्न हैं।

**108.** (D) जिस प्रकार प्रतिमा को बनाने के लिये उसे सही आकार दिया जाता है। उसी प्रकार गाने को बनाने के लिये उसे धुन दी जाती है।

**109.** (D)




चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी तो पसन्द करने वाले लेकिन बेनिला को नहीं पसन्द करने वाले अभ्यार्थी = 6

**110.** (C) जिस प्रकार,

| M | O | B | I | L | I | T | Y |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 13 | 15 | 02 | 09 | 12 | 09 | 20 | 25 |
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| (1+3) | (1+5) | (0+2) | (0+9) | (1+2) | (0+9) | (2+0) | (2+5) |
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 4 | 6 | 2 | 9 | 3 | 9 | 2 | 7 |

उसी प्रकार,

| E | X | A | M | I | N | A | T | I | O | N |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 05 | 24 | 01 | 13 | 9 | 14 | 01 | 20 | 09 | 15 | 14 |
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| (0+5) | (2+4) | (0+1) | (1+3) | (0+9) | (1+4) | (0+1) | (2+0) | (0+9) | (1+5) | (1+4) |
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 5 | 6 | 1 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 9 | 6 | 5 |

**111.** (A) सांकेतिक भाषा में,

1 2 (3) → (हॉट) फिल्टर्ड कॉफी ...(i)

(3) [5] 6 → वेरी (हॉट) [डे] ...(ii)


[5] 8 9 → [डे] एंड नाइट ...(iii)


समीकरण (ii) से,

वेरी ⇒ 6

**112.** (A) छोटे बजट की फिल्मों में कथावस्तु बढ़िया होने के कारण यह फिल्में अधिक सफलता हासिल कर रही हैं। अतः निष्कर्ष (i) सही है।

**113.** (C)




गाँव S, गाँव P के उत्तर–पश्चिम दिशा में है।

## हिन्दी

**114.** (B) 'जिसकी पूर्व से कोई आशा न हो' के लिए 'अप्रत्याशित' शब्द का प्रयोग किया जाता है 'प्रत्याशा' 'किसी से आशा लगाना', 'अपरिमेय' 'जिसे मापा न जा सके', और 'अनाहूत' 'जिसे बुलाया न गया हो'।

**115.** (D) 'निमिष' शब्द का पर्यायवाची 'क्षण' होता है तथा विपल, पल आदि भी 'निमिष' के पर्यायवाची हैं।

**116.** (C) क्रिया के उस रूपान्तर को भाववाच्य कहते हैं, जिससे वाक्य में भाव की प्रधानता का

बोध होता है। यह वाच्य अकर्मक क्रिया से बनता है। अतः प्रस्तुत वाक्य में 'भाववाच्य' है।

**117.** (D) 'अपेक्षा' का विशेषण रूप 'अपेक्षित' है।

**118.** (A) गोधूम शब्द का तद्भव गेहूँ है, जबकि गाय का तत्सम गो तथा गोबर का तत्सम गो–विट होता है।

**119.** (A) निः + कपट = निष्कपट
निः + प्राण = निष्प्राण आदि

**120.** (B) निम्न वर्तनी में 'ऋ' सम्बन्धी अशुद्धियाँ हैं। शुद्ध वर्तनी 'अनुगृहीत' है।

**121.** (D) 'उपत्यका' शब्द का प्रयोग 'पर्वत के पास की भूमि' के लिए किया जाता है।
इस भूमि को तराई या घाटी भी कहा जाता हैं।

**122.** (C) 'श' ध्वनि का उच्चारण स्थान तालु (तालव्य) है।

**123.** (D) 'अन्त' मूल शब्द में 'अति' उपसर्ग के योग से (अति + अन्त) = अत्यन्त शब्द का निर्माण हुआ है।

**124.** (C) चौराहा शब्द का समास विग्रह होगा 'चार राहों का समूह'। 'जिस समस्त पद का पूर्व पद संख्यावाचक हो, वह द्विगु समास कहलाता है।'

**125.** (A) 'ङ' का उच्चारण स्थान नासिक्य है। इसके अतिरिक्त ञ, ण, न, म आदि वर्णों का उच्चारण स्थान नासिक्य है।

**126.** (C) 'जिन विशेषणों से संज्ञा अथवा सर्वनाम के परिणाम का बोध होता है, उन्हें 'परिणामबोधक' विशेषण कहते हैं। प्रश्न में दिए गए वाक्य में 'चार गज' परिमाण वाचक विशेषण के माध्यम से 'मलमल' की नाप बताई गई है।

**127.** (B) 'सीस' का तत्सम रूप शीर्ष या सिर होता है।

**128.** (C) हिन्दी भाषा में 18 बोलियाँ और 5 उपभाषाएँ हैं।

**129.** (C) आँख की किरकिरी होना मुहावरे का अर्थ 'कष्टदायक होना' है।

**130.** (D) आशु भाषण मौखिक अभिव्यक्ति है; जबकि शुद्ध वर्तनी, सुलेख तथा श्रुतलेख लिखित अभिव्यक्ति हैं।

**131.** (D) 'मॉरीशस' में हिन्दी भाषा का प्रयोग लिखने एवं बोलने में किया जाता है।
मॉरीशस के अतिरिक्त फीजी, सूरीनाम, त्रिनिदाद, म्यांमार आदि देशों में हिन्दी की अनेक पत्र–पत्रिकाएँ प्रकाशित हो रही हैं।

**132.** (A) भारतेन्दु युग में निकलने वाली पत्रिका कविवचन सुधा 15 अगस्त, 1867 को काशी से भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा सम्पादित है तथा हिन्दी प्रदीप वर्ष 1877 में इलाहाबाद से बालकृष्ण भट्ट द्वारा सम्पादित पत्रिका है।

**133.** (D) तद्भव पत्रिका का सम्पादन वर्ष 1999 में लखनऊ में 'अखिलेश' द्वारा किया गया।

**134.** (D) दी गई काव्य पंक्तियाँ जगनिक द्वारा रचित परमाल रासो काव्य से ली गई हैं।

**135.** (D) मानक भाषा व्याकरण और वर्तनी से शुद्ध भाषा कहलाती है। मानक भाषा का अभिप्राय आदर्श, श्रेष्ठ अथवा परिनिष्ठित भाषा से है।

**136.** (C) सूरदास कृत सूरसागर की रचना ब्रज भाषा में की गई है।

**137.** (B) 'वीरों का कैसा हो वसन्त' कविता की रचयिता सुभद्रा कुमारी चौहान हैं। यह कविता वीर रस प्रधान है।

**138.** (C) परमाल रासो जगनिक द्वारा रचित है। यह मूल रूप से उपलब्ध नहीं है; परन्तु इसका एक अंश 'आल्हाखण्ड' उपलब्ध है।

**139.** (C) 'श्याम रोता है' में सकर्मक क्रिया नहीं है। सकर्मक क्रिया से तात्पर्य है, कर्म के साथ। जिस क्रिया का प्रभाव कर्ता पर न पड़कर कर्म पर पड़े, सकर्मक क्रिया के अंतर्गत आता है। उदाहरण– वह आम खा रहा है। 'खाना' क्रिया के साथ आम कर्म है। अतः खाना सकर्मक क्रिया है।

**140.** (A) दिये हुए विकल्प में बोलना क्रिया है तथा धीरे शब्द उस क्रिया की विशेषता को प्रकट करता है, अतः उक्त वाक्य में धीरे शब्द क्रिया–विशेषण है।

**141.** (C) **धागा**—सूत आदि का पतला बटा हुआ डोरा; तागा।

**पुत्र**

1. बेटा, सुत संतान लड़का
2. शिष्य के लिए संबोधन

**142.** (B) **उपकार मानने वाला**—जो उपकार या नेकी को मानता हो, अनुगृहीत, शुक्रगुजार; आभारी।

**उपकार न मानने वाला**

1. अपने साथ किया हुआ उपकार न मानने वाला।
2. किसी के द्वारा अपने साथ की हुई भलाई भूल जाने वाला।

**143.** (A) **वियोग श्रृंगार**—एक–दूसरे के प्रेम में अनुरक्त नायक एवं नायिका के मिलन का अभाव, विप्रलम्भ श्रृंगार होता है—
कहेऊ राम वियोग तब सीता।
मो कह सकल भए विपरीता।।

**144.** (A) छन्द दो प्रकार के होते हैं—
मात्रिक छन्द—मात्रा की गणना पर आधारित छन्द मात्रिक छन्द कहलाते हैं।
वर्णिक छन्द—वर्णों की गणना पर आधारित छन्द वर्णिक छन्द कहलाते हैं।

**145.** (D) **रूपक**—जहाँ गुणों की अत्यन्त समानता दिखाने के लिए उपमेय में ही उपमान का अभेद आरोप कर दिया जाता है, वहाँ रूपक अलंकार होता है। रूपक अलंकार में गुण की अत्यन्त समानता दिखाने के लिए उपमेय और उपमान को एक कर दिया जाता है।
मैया मैं तो चंद्र खिलौना लेहों।

**146.** (D) 'बात कहने का तरीका'– अपनी बात कहने के सन्दर्भ में सबसे महत्त्वपूर्ण चीज है। अतः विकल्प (D) सही है।

**147.** (C) खामोशी बोलने लगती है। इसका तात्पर्य है कि जब कुछ बच्चे धीरे-धीरे बोलना बंद कर देते हैं तो बाकी बच्चों को पता चल जाता है कि उन्हें भी शान्त होना है।

**148.** (A) लेखिका के अनुसार– 'एक शिक्षक अपने बच्चों को बहुत अच्छी तरह जानता है।
माँ के बाद शिक्षक ही होता है, जिसके साथ वो दिन का एक लम्बा हिस्सा तथा जिंदगी के महत्वपूर्ण वर्ष व्यतीत करता है।

**149.** (B) शब्द 'महत्वपूर्ण' (महत्व + पूर्ण) यौगिक शब्द है। ऐसे शब्द जो दो शब्दों के मेल से बनते हैं और जिनके खण्ड सार्थक होते हैं यौगिक कहलाते हैं। जैसे—घुड़–सवार, आग–बबूला, पीला–पन इत्यादि। यहाँ प्रत्येक शब्द के दो खण्ड हैं और दोनों खण्ड सार्थक हैं।

**150.** (D) शब्द 'बातचीत' स्त्रीलिंग है। शब्द की जाति को लिंग कहते हैं। 'लिंग' संस्कृत भाषा का एक शब्द है, जिसका अर्थ है– 'चिह्न' या 'निशान'। 'चिह्न' या 'निशान' किसी संज्ञा का ही होता है। संज्ञा के भी दो रूप हैं–
(i) अप्राणिवाचक संज्ञा–पेड़, पत्ता, प्याली आदि।
(ii) प्राणीवाचक संज्ञा– घोड़ा-घोड़ी, माता-पिता इत्यादि।

●●